<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर पहुंच कर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की, विभिन्न परियोजनाओं का लिया जायजा।
- गोरखपुर में हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण, कहा–शहर को बाढ़ से बचाने के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का होगा समाधान।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में सुलभ इंटनेशनल के संस्थापक डॉक्टर विंदेश्वरी पाठक की प्रतिमा का किया अनावरण कहा– स्वर्गीय पाठक के प्रयासों ने लाखों लोगों को दिलाया स्वच्छता का अधिकार।
- कुशीनगर जिले में पेड़ से टकराई बारातियों से भरी कार, छह की मौत, दो घायल।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कानपुर पहुंचकर आगामी चौबीस अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की ग्यारह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में मेट्रो, घाटमपुर–पनकी विद्युत उत्पादन संयंत्र और सौ बेड के अस्पताल का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कल प्रधानमंत्री के लिए बनाए जा रहे जनसभा स्थल, तापीय विद्युत परियोजना और मेट्रो रेल परियोजना का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां उच्च स्तर की होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा नवनिर्मित नयागंज से रावतपुर स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो परियोजना की तैयारियों को परखा और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो सेवा को और अधिक सुगम और जन–उपयोगी बनाया जाए।

स्थलीय निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर  नगर निगम, जनप्रतिनिधि और अन्य संगठन मिलकर चौबीस अप्रैल तक स्वच्छता अभियान चलाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण से जुड़ी कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हावर्ट बांध पर फोरलेन बन जाने से शहर को बाढ़ से बचाने के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी लेकिन नई व्यवस्था से काफी सहूलियत मिलेगी।

***ट्रांसपोर्ट नगर से लेकर के डोमिनगढ़ तक एक फोरलेन की सड़क होगी, फिर डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है, और फिर वहां से हावर्ड बंधा के बाद माधौपुर तटबंध को भी फोरलेन के साथ जोड़ते हुए महेसराय को जोड़ने की कारवाई होगी, तो महेसराय तक बाहर बाहर से फोरलेन की एक बेहतरीन कनेक्टिविटी गोरखपुर को मिल जाएगी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने कहा कि जिलों के अधिकारी पूरी तत्परता के साथ राहत कार्य संचालित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जिलों में आकाशीय बिजली, आंधी–तूफान और बारिश से जनहानि, पशुहानि और फसलों का नुकसान हुआ है वहां अधिकारी सर्वे करा कर शासन को शीघ्र रिपोर्ट भेजें ताकि इस सिलसिले में जरूरी कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश में कहीं भी जल भराव की स्थिति होने पर अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रव्यापी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कल से शुरुआत की । यह अभियान पांच मई तक चलेगा। इसके तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय को संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ के अलीगंज में सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉक्टर विन्देश्वरी पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'स्वच्छता ही सेवा' विचार को स्वर्गीय पाठक ने मूर्त रूप देने का काम किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पाठक द्वारा स्थापित संस्था ने न सिर्फ लाखों लोगों को स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मान जनक जीवन का मार्ग भी प्रशस्त किया।

**यदि मैं यह कहूं कि पाठक जी ने भारत के स्वच्छता परिदृश्य को एक नई दिशा देने का काम किया है तो यह कहना भी अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं होगा। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि यदि सेवा भाव सच्चा हो तो समाज में बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना करना न केवल लोगों को उन्होंने स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए एक सम्मानजनक जीवन की राह खोली है।**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और रामचन्द्र प्रधान, डॉक्टर नीरज बोरा और नित्या पाठक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। रक्षामंत्री ने अपने निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ के दौरे में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धर्मगुरूओं से भी संवाद किया। एक अन्य कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र से विस्थापित सत्रह परिवारों को उनके नए घरों की चाभी सौंपी।

**********

प्रदेश सरकार हेल्थ टूरिज्म पर बल दे रही है। इसी क्रम में चिकित्सा की परम्परागत विधा आयुष पर सरकार का विशेष जोर है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**योगी सरकार की आयुष संवर्धन नीति के तहत गोरखपुर में महायोगी गुरू गोरखनाथ के नाम से राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय शुरू हो चुका है और आयुर्वेद, युनानी और होम्योपैथी विधा के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में पहले ही आयुष बोर्ड बनाया जा चुका है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथी कॉलेज का संचालन भी जल्द शुरू हो जायेगा। यह सिलसिला जारी रहा तो उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन के बाद हेल्थ और वेल्नेस टूरिज्म का भी प्रमुख केंद्र बन जायेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली चौराहे पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुखद हादसे में कार सवार छह बारातियों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर तौर पर घायल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंच कर घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**********

अम्बेडकर नगर जिले में सैंतालिसवीं राष्ट्रीय पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता कल से शुरू हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय और विधायक धर्मराज निषाद ने किया। इस अवसर पर मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि यह हैंडबॉल प्रतियोगिता चौबीस अप्रैल तक जारी रहेगी।

**32 टीमें राज्यों की और यू0पी0 की इसमें भाग लेरही हैं। 24 तारीख को इसका समापन होगा । यहां की टीम के परफॉर्मेंस के आधार पर नेशनल टीम का चयन करेंगे। इसके आयोजन केमाध्यम से पूरे ग्रामीणांचल में कह लीजिये या हमारा जो पूर्वांचाल है, वहां की जो खेल प्रतिभायें हैं उनको सामने लाने का मौका मिलेगा और जनपद का नाम वो है निश्चित रूप से पूरे प्रदेश में ही नहीं, वरन् राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर्राष्ट्रय स्तर पर रोशन करने में वो लोग सफल होंगे।**

**********

तिहत्तरवीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता दो हजार पचीस में कल मेरठ जोन के खिलाड़ियों ने छह फाइनल मुकाबलों में जीत हासिल की। लखनऊ के शहीद चंद्रशेखर आजाद क्रीड़ा संकुल में चल रही इस प्रतियोगिता में मेरठ जोन ने लंबी कूद के पुरुष फाइनल, पंद्रह सौ मीटर दौड़ के पुरुष फाइनल, भाला फेक पुरुष फाइनल, गोला फेक महिला फाइनल, भाला फेक महिला फाइनल और पंद्रह सौ मीटर दौड़ महिला फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। आगरा जोन ने डेकैथलॉन के फाइनल और लंबी कूद महिला वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**********